**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2145**

**08 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए**

## दुर्गापुर इस्पात संयंत्र

**2145. डॉ. सुभाष सरकार:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) द्वारा कितने इस्पात का उत्पादन किया गया और क्या डीएसपी अपने उत्पादों को अन्य देशों में निर्यात कर रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस निर्यात से सृजित राजस्व का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मिश्र इस्पात कारखाना (एएसपी) द्वारा उत्पादन का ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष सहित गत तीन वर्षों के दौरान कितनी बिक्री हुई है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों के दौरान दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) द्वारा कच्चे इस्पात का उत्पादन, निर्यात और निर्यात द्वारा प्राप्त राजस्व का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(उत्पादन और निर्यात, हजार टन में)

| **वित्तीय वर्ष** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
|---|---|---|---|
| कच्चे इस्पात का उत्पादन | 2042 | 2220 | 2194 |
| निर्यात की गई मात्रा | 229.26 | 291.60 | 341.92 |
| निर्यात से प्राप्त राजस्व (करोड़ रुपये में) | 707.62 | 1033.56 | 1000.74 |

(ग): चालू वर्ष (फरवरी, 2021 तक) सहित विगत तीन वर्षों के दौरान अलॉय इस्पात संयंत्र (एएसपी) द्वारा कच्चे इस्पात के उत्पादन और बिक्री का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(इकाई: हजार टन में)

| **वित्तीय वर्ष** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21 (अप्रैल-फरवरी, 2021)** |
|---|---|---|---|---|
| कच्चे इस्पात का उत्पादन | 96 | 101 | 104 | 50 |
| बिक्री | 78.89 | 115.93 | 97.73 | 64.86 |

****